चडु. न० तैल पात्र, जिसमें दीपक किया जाता है. A lamp-stand. सुपा० ६३८; बृह० १.

चडुण. न० भोजन, खाना, खाने की वस्तु. Food; An eatable. कुमा०

चड्डिअ. त्रि० (१) मसला हुआ, जिसका मर्दन किया गया हो वह. Smeared. कुमा० (२) पीसा हुआ. Levigated. कुमा०

चत्थरि. पुं० स्त्री० हास, हास्य. To laugh. दे० ३,२.

चप्पडग. न० काष्ठ—यन्त्र विशेष. A kind of wooden machine. पण्ह० १,३.

चप्परण. न० तिरस्कार, निरादर. Refutation; Contradiction गु० ६.

चप्पलअ. त्रि० (१) असत्य, झूठा. False; Untruth. कुमा० ८,७६; (२) बहुमिथ्यावादी, बहुत झूठ बोलने वाला. A great liar. षड्०

चप्पिय. त्रि० आक्रान्त, दबाया हुआ. Over-come. भवि०

चप्फल–चप्फलय. न० (१) शेखर-विशेष, एक तरह का शिरोभूषण. A kind of ornament for the head. (२) त्रि० असत्य, झूठा, मिथ्याभाषी. False; Untrue. दे० ३,२०; हे० ३,३८; कुमा० ८,२५.

चमढण. न० भोजन, खाना. A dinner. कुमा०

चमढिअ. त्रि० मर्दित, विनाशित. Destroyed; Crushed. वव० २.

चरचरा. स्त्री० चरचर आवाज़. The sound like Chur-Chur. स० २५७.

चरड. पुं० लुटेरों की एक जाति. A class of plunderers. धम्म० १२ टी; सुपा० २३२;२३३.

चरण. न० (१) चरना, पशुओं का तृणादि भक्षण. Grazing. (२) पद्य का चौथा हिस्सा. The fourth part of a verse. पिंग०

चरित्त. न० (१) चरित, आचरण. Conduct; Behaviour. (२) व्यवहार. Affair; Business. भवि० प्रासू० ४०; (३) स्वभाव, प्रकृति. Disposition; Nature. कुमा०

चरिय. पुं० चर-पुरुष, जासूस, दूत. A messenger; A spy. सुपा० ५२८.

चरिया. स्त्री० (१) परिव्राजिका, संन्यासिनी. A female ascetic. ओघ० ५१८; (२) किला और नगर के बीच का मार्ग. A road between the fort and a city, सम० १३७; पण्ण० १,१.

चरुल्लेव. न० नाम, आख्या. A name, दे० ३,६.

चल. पुं० रावण का एक सुभट. Name of a warrior of Ravana. पउम० ५६,३६.

चलचल. त्रि० चंचल, अस्थिर. Fickle; Unsteady. वज्जा० ६०.

चलणाउह. पुं० कुक्कुट, मुर्गा. A cock. दे० ३,७.

चलवलण. न० चटपटाई, चंचलता. Activity; Sharpness. पउम० १०२,६.

चल्लणग. न० जघनांशुक, कटी-वस्त्र. A cloth girt round the loins. षड्०

चल्लि. स्त्री० (१) नाचते समय की एक प्रकार की गति. A kind of motion at the time of dancing. कप्पू० (२) मदन-वेदना. Pangs or torments of love. संक्षि० ४७.

चवल. पुं० चावल, तण्डुल. Rice. श्रा० १८.

चवलय. पुं० धान्य-विशेष. A kind of pulse. प्रव० १५४.

चविअ. त्रि० उक्त, कहा हुआ. Said; Told. भवि०

चवेडी. स्त्री० (१) श्लिष्ट कर संपुट. The cavity formed by putting the hands side by side. (२) संपुट, समुद्ग, डिब्बा. A covered box or casket. दे० ३,२.

चवेण. न० वचनीय, लोकापवाद. Public scandal; Popular censure. दे० ३,३.

चव्वक्किअ. त्रि० धवलित, चूने से पोता हुआ. White-washed. सुपा० ४५५.

चहुंतिया. स्त्री० चुटकी, चुटकीभर. Grasp or grips of the hands. काल

चहुट्ट. त्रि० निमग्न, लीन. Clung or adhered to; stuck to दे० ३,२; वज्जा० ३८; उप० ७२८ टी.

चहुट्ट-चहुट्टिय. त्रि० चिपका हुआ, लगा हुआ. Adhered or clung to. धर्मवि० १४१; उप० ७२८ टी; कुप्र० २७.

चहोड. पुं० एक मनुष्य जाति. A particular human tribe. भवि०

चाउल्लग. न० पुरुष का पुतला, कृत्रिम पुरुष. An artificial man; An idol of man. निसी० चू० १.

चाड. त्रि० मायावी, कपटी. Deceitful; Fraudulent दे० ३,८.

चार. पुं० (१) वृक्ष विशेष, पियाल वृक्ष, चिरौंजी का पेड़. A kind of tree. दे० ३,२१; अणुजो० पण्ण० १६; (२) बन्धन-स्थान. A place of binding or tying. दे० ३,२१. (३) इच्छा, अभिलाष. A wish; A desire. दे० ३२१; भवि० सुपा० ५११; (४) फल विशेष, मेवा विशेष. A kind of fruit. पण्ण० १६.

चारण. पुं० ग्रन्थि-च्छेदक, पाकटमार, चोर विशेष. A thief; A cut-purse; A

pickpocket. दे० ३,१.

चारवाय. पुं० ग्रीष्म ऋतु का पवन. The wind of the summer. दे० ३,१.

चालकस. पुं० सिर का भूषण-विशेष. A kind of ornament for the head. दे० ३,८.

चास. पुं० चास, हल विदारित भूमि-रेखा, खेती. The furrowed land. दे० ३,१.

चिंचइअ. त्रि० चलित, चला हुआ. Walked; Moved. दे० ३,१२.

चिंचरिणिआ—गा. स्त्री० घरट्टिका, अन्न पीसने की चक्की. A grinding mill. दे० ३,१०.

चिंचणी. स्त्री० घरट्टिका, अन्न पीसने की चक्की. A grinding stone or hand mill. दे० ३,१०.

चिंधाल. त्रि० (१) सुन्दर, मनोहर. Beautiful; Handsome. (२) मुख्य, प्रधान. Prominent; Chief; Principal. दे० ३,२२.

चिंफुल्लणी. स्त्री० स्त्री का पहनने का वस्त्र-विशेष, लहंगा. A kind of lower garment for a woman. दे० ३,१३.

चिक्क. त्रि० (१) थोड़ा, अल्प. A little. (२) छींक. न० Sneezing; A sneeze. पइ० (३) स्त्री० थोड़ी चीज. A little thing. (४) हलकी मेघ-वृष्टि, सूक्ष्म-छींटा. Drizzling; Slightly raining. दे० ३,२१.

चिक्खअण. त्रि० सहिष्णु, सहन करने वाला. Able to bear or endure. पइ०

चिक्च. त्रि० (१) चिपिट नासिका वाला, बैठी हुई नाक वाला. Flat-nosed. दे० ३,१. (२) न० रमण, संभोग, रति. Copulation; Sexual inter-course. दे० ३,१०.

चिच्चर. त्रि० चिपिट नासिका वाला. Flat-nosed. दे० ३,१.

चिच्चि. पुं० हुताशन, अग्नि. Fire. दे० ३,१०

चिणोट्ठी. स्त्री० गुंजा, घुंगची, लाल रत्ती. A berry used as a weight of 2½ grains. दे० ३,१२.

चित्तद्विअ. त्रि० परितोषित, खुश किया हुआ. Satisfied; Gratified. दे० ३,१२.

चित्तवाउ. पुं० मधु-पटल, मधपुड़ा. A honey comb; A bee-hive. दे० ३,१२.

चित्तपरिच्छेय. त्रि० लघु, छोटा. Small; Little. भग० ७,१.

चित्तल. त्रि० (१) मण्डित, विभूषित. Decorated; Ornamented. (२) रमणीय, सुन्दर. Beautiful; Charming. दे० ३,४.

चित्तविअत्त. त्रि० परितोषित. Satisfied; Gratified. पइ०

चित्ताचिल्लडय.-चित्ताचेल्लरय. पुं० जंगली पशु विशेष. Name of a wild animal. आया० २,१,५,३-४.

चिद्दविअ.-चिद्दाविअ. त्रि० निर्नाशित, विनाशित. Destroyed; Ruined. दे० ३,११; पाय० भवि०

चिप्पग. पुं० न० कुटी हुई छाल. Pounded bark. कस० २,३० टि०

चिप्पिअ. पुं० नपुंसक-विशेष. A kind of impotent person. प्रव० १०९ टी.

चिप्पिडय. पुं० अन्न-विशेष. A kind of corn. दसा० ६.

चिप्पिण. पुं० (१) केदार. क्यारी. A basin for water round the root of a tree. (२) क्यारी वाला प्रदेश. A region of such basins (३) किनारे का प्रदेश, तट-प्रदेश. The region of shores or banks. भग० ५,७.

चिमिण. त्रि० रोमश, रोमाञ्चित, पुलकित. Having the hairs of the body erect. दे० ३,११. पइ०

चियत्त. त्रि० (१) अभिमत, सम्मत. Agreed or consented to; Approved of. ठा० ३,३; प्रीतिकर, रागजनक. Producing love. ओघ० (३) प्रीति रुचि; Liking or fondness for. (४) अप्रीति का अभाव. Absence of

dislike. ठा० ३,३.

चिरडी. स्त्री० वर्णमाला, अक्षरावली. The alphabet. दे० १,६१.

चिरड्डिहिल्ल. न० दधि, दही. Curd. पाअ०

चिरया. स्त्री० कुटी, झोंपड़ी. A cottage; A hut. दे० ३,११.

चिरिंचिरा. स्त्री० जलधारा, वृष्टि. Raining, दे० ३,१२.

चिरिक्क. स्त्री० (१) चर्म-भाजन, मशक. A leather water bag. (२) अल्प-वृष्टि. Drizzling; Slight raining. (३) प्रातःकाल; सुबह. The morning. दे० ३,२१.

चिरिचिरा. स्त्री० जलधारा, वृष्टि. Raining. दे० ३,१२.

चिरिडी. स्त्री० वर्णमाला, अक्षरावली. The alphabet. गा० १६१; अ०

चिरिड्डिहिल्ल. न० दधि, दही. Curdled milk. दे० ३,१४.

चिरिहिट्टी. स्त्री० गुञ्जा, घुंघची, लाल-रत्ती. A kind of berry used as a weight of 2½ grains. दे० ३,१२.

चिलिचिलिआ. स्त्री० धारा, वृष्टि. Raining. षड्०

चिलिचिलिय. त्रि० भीजा हुआ, आर्द्रित. Wetted; Moistened. तंदु० ३८.

चिलिचिल्ल-चिलिच्चिल-चिलिच्चील. त्रि० आर्द्र, गीला. Wet; Moist. पण्ह० १, ३. दे० ३, १२.

चिल्ल. न० (१) सूर्प, सूप, छाज. A winnowing fan प्राकृ० २८. (२) पुं० बाल, बच्चा, लड़का. A child; An infant. दे० ३, १०. (३) चेला, शिष्य. A pupil. आवम०

चिल्लय. न० अपचक्षु, खराब आँख. A bad eye. पण्ह० १, १ टी.

चिल्ला. स्त्री० चील, पक्षि-विशेष, शकुनिका. A kind of bird. दे० ३, ६; ८, ८; पाअ०

चिल्लिरि. पुं० मशक, मच्छर. A mosquito. दे० ३, ११.

चिल्लूर. न० मुसल, एक प्रकार की मोटी लकड़ी जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं. A pestle (used for cleaning rice) दे० ३,११.

चिल्हय. पुं० चक्रमार्ग, पहिये की लकीर. A wheel-route. सुपा० २८०.

चीड. त्रि० काले कांच की मणि वाला. Studded with black precious stones. सिरि० ९८०.

चीवट्टी. स्त्री० भल्ली, भाला, शस्त्र विशेष. A spear; A lance. दे० ३,१४.

चीहाडी. स्त्री० चीत्कार, चिल्लाहट, पुकार; हाथी की गर्जना. Roaring of an elephant. सुर० १०,१८२.

चीट्टी. स्त्री० मुस्ता का तृण-विशेष. A kind of grass. दे० ३,१४; ६२.

चुंचुअ. पुं० शेखर, अवतंस, मस्तक का भूषण. An ornament worn on the head. दे० ३,१६.

चुंचुणिअ. त्रि० (१) चलित, गत. Gone; Moved. (२) च्युत, नष्ट. Destroyed; Ruined. दे० ३,२३.

चुंचुणिआ. स्त्री० (१) गोष्ठी की प्रतिध्वनि. An echo of discourse. (२) रमण, रति, संभोग. Sexual inter-course; (३) इम्ली का पेड़. A tamarind tree. (४) द्यूत-विशेष, मुष्टि-द्यूत. A kind of gambling. (५) यूका, क्षुद्र कीट-विशेष. A louce. दे० ३,२३.

चुंचुमालि. त्रि० अलस, आलसी, दीर्घसूत्री. Idle; Lazy. दे० ३,१८.

चुंचुलि. पुं० (१) चञ्चु, चोंच. A bill; A beak. (२) चुलुक, पसर, एक हाथ का संपुटा का. The hollow of the hand.

चुंचुलिश्र. त्रि० (१) अवधारित, निश्चित. Determined ; Ascertained. (२) न० तृष्णा, सस्पृहता. Strong desire ; Avidity. दे० ३,२३.

चुंचुलिपूर. पुं० चुलक, चुल्लू, पसर. The hollow of the hand. दे० ३,१८.

चुंछ. त्रि० परिशोषित, सुखाया हुआ. Dried up. दे० ३,१५.

चुंछिश्र. त्रि० सूखा हुआ, परिशोषित. Dried up. सुपा० ३४३.

चुंटिर. त्रि० चुनने वाला. One that elects दे० ६,११६ टी.

चुंभल. पुं० शेखर, अवतंस, शिरो-भूषण. An ornament worn on the head. दे० ३,१६.

चुक्क. पुं० मुष्टि, मुट्ठी. The clenched hand. दे० ३,१४.

चुकार. पुं० आवाज, शब्द. Sound ; word. से० १३,२५.

चुक्कुड. पुं० छाग, बकरा, अज. A goat. दे० ३,१६.

चुज्ज. न० आश्चर्य. Wonder ; Surprise. दे० ३,१४; सट्टि० ८३.

चुडुप्प. न० (१) खाल उतारना. Peeling ; Skinning. दे० ३,३; (२) घाव, क्षत. A wound. गउड० (३) चमड़ी, त्वचा. Skin पाश्र०

चुडुप्पा. स्त्री० त्वचा, चमड़ी, खाल. Skin. दे० ३,३.

चुणश्र. पुं० (१) चाण्डाल. A Chandala. (२) बाल, बच्चा. An infant ; A child. (३) इच्छा, छन्द. A desire ; A wish. (४) अरुचि, भोजन की अप्रीति. Want of appetite. (५) व्यतिकर, सम्बन्ध. Mutual relation ; Reciprocity. (६) त्रि० अल्प, थोड़ा. Little ; Not much. (७) मुक्त, त्यक्त. Abandoned ; (८) आघ्रात, सूँघा हुआ. Smelt. दे० ३,२२.

चुणिश्र. त्रि० विधारित, धारण किया हुआ. Held ; Supported. दे० ३,१५.

चुण्णाइय. त्रि० चूर्णाहत, चूरन से आहत, जिस पर चूर्ण फेंका गया हो वह. One on whom powder is thrown. दे० ३,१७; पाश्र.

चुण्णाश्रा. स्त्री० कला, विज्ञान. An art. दे० ३,१६.

चुण्णासी. स्त्री० दासी, नौकरानी. A maid-servant दे० ३,१६.

चुप्प. त्रि० स-स्नेह, स्निग्ध. Loving ; Affectionate. दे० ३,१५.

चुप्पल. पुं० शेखर, अवतंस. An ornament worn on the head. दे० ३,१६.

चुप्पलिश्र. न० रंगा हुआ कपड़ा. A newly coloured cloth. दे० ३,१७.

चुप्पालय. पुं० गवाक्ष, वातायन. A window. दे० ३,१७.

चुरिम. न० खाद्य विशेष. A kind of eatable प्रव० ४.

चुलुप्प. पुं० छागा, अज, बकरा. A goat. दे० ३,१६.

चुल्ल. पुं० (१) शिशु, बालक. A child ; An infant (२) दास, नौकर. A servant. दे० ३,२२.

चुल्लग. न० सन्दूक. A box. कुप्र० २२७; २२८.

चुल्ली. स्त्री० शिला, पाषाण खण्ड. A stone. दे० ३,१५.

चुल्लोडय. पुं० बड़ा भाई. An elder brother. दे० ३,१७.

चूश्र. पुं० स्तन-शिखा, थन का अग्र भाग. A nipple दे० ३,१८.

चूड. पुं० चूडा, बाहु-भूषण, वलयावली. Bangles ; An ornament on the

arm ; An armlet. दे० ३,१८; ७,४२; ५६; पाअ.

चूरिम. पुं० न० मिठाई विशेष, चूमकि लड्डू. kind of sweet-meat प्रव० ४ टी.

चेडी. स्त्री० कुमारी, बाला, लड़की. A girl. पाअ०

चेलय. न० तुला-पात्र. A balance ; वजा० ५६.

चेलुंप. न० मुशल, मूषल. A pestle. दे० ३,११.

चेल्ल-चेल्लअ. पुं० देखो 'चिल्ल' शब्द. Vide. 'चिल्ल' पउम० ६७, १३; १६; स० ४६६; दसनि० १; उप० २६८.

चोट्टी. स्त्री० चोटी, शिखा. A lock of hair on the crown of the head. दे० ३,१.

चोडु. न० वृन्त, फलऔर पत्ती का बन्धन. The foot-stalk of a leaf or fruit. विक्र० २८.

चोढ. पुं० बिल्व, वृक्ष-विशेष. A kind of tree. दे० ३,?६.

चोणा. न० (१) कलह, झगड़ा. A quarrel; A strife. निसी० चू० १०; (२) काष्ठानयन आदि जघन्य कर्म. A low action. सूय० २,२.

चोत्त-चोत्तअ. पुं० न० प्रतोद, प्राजन-दण्ड. A long whip ; a long staff. दे० ३,१६; पाअ०

चोप्पडिय. त्रि० चुपड़ा हुआ. Besmeared ; Applied. प्रव० ४.

चोप्फुच्च. त्रि० (१) स्निग्ध. Oily ; Unctuous. (२) स्नेह वाला, प्रेम युक्त. Loving ; Affectionate. दे० ३,१५.

चोरली. स्त्री० श्रावण मास की कृष्ण चतुर्दशी. The fourteenth day of the half of the Shravin month. दे० ३,१६.

चोल. त्रि० (१) वामन, कुब्ज. Dwarfish ; Hunch. दे० ३,१८; (२) पुं० पुरुष चिह्न, लिङ्ग. A male organ of generation. प्रव० ६१; (३) न० गन्ध द्रव्य विशेष, मञ्जिष्ठा. A kind of fragrant substance. उत्त० ६,४.

चोलअ. न० कवच, वर्म. An armour ; A coat of mail. नाट०

चोल्लग. त्रि० क्षुद्रक, छोटा, लघु. Small. उप० पृ० ३१.

चोल्लय. पु० न० थैला, बोरा, गोन. A large bag. महा०

छ

छइल-छइल्ल. न० विदग्ध, चतुर, हुशियार. Clever ; Quick-witted ; Skilful. पिंग० दे० ३,२४; गा० ७२०; वजा० ४; पाअ० कुमा०

छउअ. त्रि० तनु, कृश, पतला. Thin ; Lean; Slender. दे० ३, २५.

छंकुई. स्त्री० कपिकच्छु, वृक्ष-विशेष, केवांच. A kind of tree. दे० ३,२४.

छुंछुई. स्त्री० कपिकच्छु, कवांच का पेड़. A kind of tree. दे० ३,३४.

छंट. पुं० (१) जल का छींटा, जल-च्छटा. Drops of water. (२) शीघ्र, जल्दी करने वाला Soon ; Quickly ; Rapidly. दे० ३,३३.

छंटा. स्त्री० देखो 'छंट' शब्द. Vide. 'छंट' पाअ०

छंडिअ. त्रि० छन्न, गुप्त. Hidden ; Concealed. षड्०

छच्छुंदर. पुं० न० छुछुन्दर, मूसे की एक जाति.

A mole ; A blind mouse. सं० १६.

छुंछ. स्त्री० देखो 'छुंट' शब्द. Vide. छुंट षट्०

छुडक्खर. पुं० स्कन्द, कार्तिकेय. Kartikeya ; son of God Shiva. दे० ३,२६.

छडा. स्त्री० विद्युत, बिजली. Lightning. दे० ३,२४.

छड्डी. स्त्री० शय्या, बिछौना. A bed दे० ३,२४.

छप्पंती. स्त्री० नियम-विशेष, जिसमें पद्म लिखा जाता है. A sort of vow in which the word 'Padma' is written. दे० ३,२५.

छप्पण्ण–छप्पण्णय. त्रि० विदग्ध, चतुर, चालाक. Clever ; Skilful. दे० ३,२४; पाअ० वज्जा० ५८.

छप्पत्तिआ. स्त्री० (१) चपत, थप्पड़, तमाचा. A slap on the face. (२) चपाती, रोटी, फुलका. A kind of bread. गा० ८८७.

छप्पन्न. त्रि० देखो 'छप्पण्ण' शब्द. Vide. 'छप्पण्ण' जय० ६.

छमलय. पुं० सप्तच्छद, वृक्ष-विशेष. A kind of tree. दे० ३,२५.

छयल्ल. त्रि० देखो 'छइल्ल' शब्द. Vide. 'छइल्ल' रंभा०

छलिअ. त्रि० विदग्ध, चालाक, चतुर. Quick-witted ; Skilful दे० ३,२४; पाअ०

छवडी. स्त्री० चर्म, चाम, चमड़ा. Skin ; Hide. दे० ३,२५.

छविअ. त्रि० पिहित, आच्छादित. Covered ; Concealed ; Clothed. गउड०

छाइल्ल. पुं० (१) प्रदीप, दीपक. A lamp वव० ७; दे० ३,३५; (२) त्रि० सदृश, समान, तुल्य. Like ; Similar ; Resembling. (३) ऊन, अधूरा. Incomplete ; Not finished. दे० ३३५; (४) सुरूप, सुडौल. Handsome ; Beautiful. दे० ३,३५; षड्०

छाई. स्त्री० माता, देवी, देवता. Mother ; A goddess ; A female deity. दे० ३,२६.

छाण. न० वस्त्र, कपड़ा. A cloth ; A garment. दे० ३,३४; जीवा० ३.

छाणण. न० छानना, गालन. To filter. सट्ठि० ४५ टी.

छाणी. स्त्री० (१) वस्त्र, कपड़ा A cloth ; A garment. दे० ३,३४; (२) गोमय, गोबर. Cow-dung. दे० ३,३४; धर्मं० २; (३) कंडा, गोबर का इन्धन. A dung-cake प्रव० ३८.

छाय. त्रि० (१) बुभुक्षित, भूखा. Hungry. दे० ३,३२; पाअ० उप० ७६८ टी; ओघ० २६० भा०. (२) कृश, दुर्बल. Thin ; Lean ; Slender. दे० ३,३३; पाअ०

छायणिया–छायणी. स्त्री० डेरा, पड़ाव, छावनी. A Camp ; A Cantonment. आ० १२; महा०

छाया. स्त्री० (१) कीर्ति, यश, ख्याति. Fame ; Reputation. (२) भ्रमरी, भमरी. A bee ; A she-wasp. दे० ३,३४.

छार. पुं० अच्छभल्ल, भालुक. A bear. दे० ३,२६.

छारय. न० (१) इक्षु-शल्क, ऊख की छाल. Rind of the sugar-cane. दे० ३,३४; (२) मुकुल, कली. Petal ; A bud. दे० ३,३४; पाअ०

छासी. स्त्री० छाछ, तक्र, मठा. Whey ; Sour-milk. दे० ३,२६.

छाही. स्त्री० गगन, आकाश. The sky ; The firmament.–मणि. पुं० सूर्य, सूरज. The Sun. दे० ३,२६.

छिंछई. स्त्री० असती, कुलटा. An unchaste-woman ; An adultress. हे० २,१७४; गा० ३०१; ३५०; पाअ०

छिंछटरमण. न० क्रीड़ा विशेष, चक्षु-स्थगन की

क्रीड़ा. A particular kind of merriment. दे० ३,३०.

छिंछय. पुं० (१) देह, शरीर. Body. (२) जार, उपपति. A lewd man; A Paramour. (३) न० फल विशेष, शलाटु-फल. A kind of fruit. दे० ३,३६.

छिंछोली. स्त्री० छोटा जल प्रवाह. A streamlet. दे० ३,२७; पाश्र०

छिंड. न० (१) चूडा, चोटी. Braid of hair. दे० ३,३५; पाश्र० (२) छत्र, छाता. An umbrella. (३) धूप-यन्त्र. A censer; A vessel for burning incense. दे० ३,३५.

छिंडिया. स्त्री० (१) बाड़ का छिद्र. An opening in a hedge. (२) अपवाद. Censure. प्रव० १४८; आ० ६.

छिक्क. न० क्षुत, छींक. Sneezing. दे० ३,३६; कुमा०

छिक्का. स्त्री० छिक्का, छींक. Sneezing. स० ३२२.

छिक्किय. न० छींकना, छींक करना. To sneeze. स० ३२४.

छिक्कोअण. त्रि० असहन, असहिष्णु. Intolerable; Unable to bear. दे० ३,२६.

छिक्कोट्टली. स्त्री० (१) पैर की आवाज. Sound of a foot. (२) पाँव से धान्य का मलना. To crush grain by feet. (३) गोइठा का टुकड़ा, गोबर-खण्ड. A piece of a dung-cake. दे० ३,३७.

छिक्कोलिअ. त्रि० तनु, पतला, कृश. Thin; Lean; Slender. दे० ३,२५.

छिक्कोवण. त्रि० असहन, असहिष्णु. Intolerable; Unable to bear. ठा० ६.

छिणण. पुं० जार, उपपति. A paramour. दे० ३,२७; षड्०

छिणणच्छोडण. न० शीघ्र, तुरन्त, जल्दी. Rapidity; Swiftness; Haste. दे० ३,२६.

छिणणयड. त्रि० टंक से छिन्न. Cut by a chisel. पाश्र०

छिणणा. स्त्री० असती, कुलटा. An unchaste woman. दे० ३,२७.

छिणणाल. पुं० जार, उपपति. A paramour. दे० ३,२७; षड्०

छिणणालिआ-छिणणाली. स्त्री० असती, कुलटा, पुंश्चली. An unchaste woman. मृच्छ० ४५; दे० ३,२७.

छिणणोब्भवा. स्त्री० दूर्वा, दाभ. Grass. दे० ३,२६.

छिद्द. पुं० छोटी मछली. A small fish. दे० ३,२६.

छिप्प. न० (१) भिक्षा, भीख. Begging; alms. दे० ३,३६; सुपा० ११५; (२) पुच्छ, लाङ्गूल. A tail. दे० ३,३६; पाश्र०

छिप्पंती. स्त्री० (१) व्रत-विशेष. A kind of vow. (२) उत्सव विशेष. A kind of festival. दे० ३,३७.

छिप्पंदूर. न० (१) गोमय-खण्ड, गोबर-खण्ड. A dung-cake. (२) त्रि० विषम, कठिन. Difficult; Hard. दे० ३,३८.

छिप्पाल. पुं० सस्यासक्त बैल, खाने में लगा हुआ बैल. A grazing ox. दे० ३,२८.

छिप्पालुअ. न० पूंछ, लांगूल. A tail. दे० ३,२६.

छिप्पिअ. त्रि० झरित, झरा हुआ, टपका हुआ. Dropped; Oozed. पाश्र०

छिप्पिंडी. स्त्री० (१) व्रत-विशेष. A kind of vow. (२) उत्सव-विशेष. A kind of festival. (३) पिष्ट, पिसान. Reduced to dust; Powdered. दे० ३,३७.

छिप्पीर. न० पलाल, तृण. Grass. दे० ३,२८.

छिप्पोल्ली. स्त्री० अजादि की विष्ठा. A small

globule of dung of a goat etc. निसी० चू० १.

छिल्ल. न० (१) छिद्र, विवर. A hole; A bore; A fissure. दे० ३,३५; षड्० (२) कुटी, कुटिया, छोटा घर. A small house; A hut. (३) बाड़ का छिद्र. An opening in a hedge. दे० ३,३५; (४) पलाश का पेड़. A kind of wild tree. ती० ६.

छिल्लर. न० छोटा तलाव, पल्वल. A small pond; A puddle. दे० ३,२८; सुर० ४,२२६.

छिल्ली. स्त्री० शिखा, चोटी. Braid of hair. दे० ३,२७.

छिविअ. न० ईख का टुकड़ा. A piece of sugar-cane. दे० ३,२७.

छिव्व. त्रि० कृत्रिम, बनावटी. Artificial; Unnatural. दे० ३,२७.

छिव्वोल्ल. न० (१) निन्दार्थक मुख-विकूणन, अरुचि प्रकाशक मुख-विकार विशेष. A look expressive of contempt. (२) विकूणित मुख. A face that signifies one's emotions. दे० ३,२८.

छिहंडअ. पुं० दही का बना हुआ मिष्टान्न, दधिसर. A particular dish made with sugar and spices mixed with curds. दे० ३,२६.

छिहली. स्त्री० शिखा, चोटी. Braid of hair. बृह० ४.

छिहिंडिभिल्ल. न० दधि, दही, Curd. दे० ३,३०.

छुई. स्त्री० बलाका, बक पंक्ति. A row of cranes. दे० ३,३०.

छुंछुमुसय. न० रणरणक, उत्सुकता, उत्कंठा. Eagerness; Anxious desire. दे० ३,३१.

छुंद. त्रि० बहु, प्रभूत. Much; Great in quantity. दे० ३,३०.

छुट्ट. त्रि० छोटा, लघु. Small; Diminutive. पाअ०.

छुड. त्रि० (१) लिप्त. Anointed; Besmeared. (२) क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown. भवि०

छुडु. अ० (१) यदि, जो. If. हे० ४,३८५; ४२२; (२) शीघ्र, तुरन्त. Swiftly; Soon. हे० ४,४०१.

छुत्ति. स्त्री० छूत, अशौच. Defilement; Pollution. सुक० ८६.

छुदहीर. पुं० (१) शिशु, बच्चा, बालक. A baby; An infant. (२) शशी, चन्द्रमा. The moon. दे० ३, ३८.

छुद्ध. त्रि० क्षिप्त, प्रेरित. Thrown. सण०

छुरमड्डि. पुं० नापित, हजाम. A Barber. दे० ३, ३१.

छुरिआ. स्त्री० मृत्तिका, मिट्टी. Earth; Clay. दे० ३, ३१.

छुहिअ. त्रि० लिप्त, पोता हुआ. Anointed; Besmeared. दे० ३, ३०.

छूहिअ. न० पार्श्व का परिवर्त्तन. To change the side of a body. षड्०

छेअ. पुं० (१) अन्त, प्रान्त, पर्यन्त. End; The extreme position. दे० ३, ३८; पाअ० से० ७, ४८; (२) देवर, पतिका छोटा भाई. Husband's younger brother. दे० ३, ३८; (३) एक देश, एक भाग. A part; A portion. (४) निर्विभाग अंश. Undivided portion. क० गं० ४, ८२.

छेंडा. स्त्री० (१) शिखा, चोटी. A braid of hair. (२ नवमालिका, लता विशेष. A kind of creeper. A kind of jasmine. दे० ३, ३६.

छेंडी. स्त्री० छोटी गली, छोटा रास्ता. A narrow lane. दे० ३,३१.

छेण. पुं० स्तेन, चोर. A thief. षड्०

छेत्तर. न० शूर्प वगैर: पुराना गृहोपकरण. Household furniture. *i.e.*, a winnowing fan etc. दे० ३, ३२.

छेत्तसोवणय. न० खेत में जागना. To watch in the field. दे० ३, ३२.

छेध. पुं० (१) स्थासक, चन्दनादि सुगन्धि वस्तु का विलेपन. An ointment of odorous substances as sandal-wood etc. (२) चोर, चोरी करने वाला. A thief. दे० ३, ३६.

छेभय. पुं० चन्दन आदि का विलेपन, स्थासक. An unguent of sandal wood etc. दे० ३, ३२.

छेल-छेलय-ग. पुं० स्त्री० अज, छाग, बकरा. A goat. दे० ३, ३२; स० १५०.

छेलावण. न० (१) उत्कृष्ट हर्ष-ध्वनि. Loud laughter. (२) बाल-क्रीडन. Play of a child. (३) चीत्कार, ध्वनि-विशेष. A kind of sound. आवम०

छेली. स्त्री० थोड़े फूल वाली माला. A garland of a few flowers. दे० ३, ३१.

छेवग. न० मारी वगैर: फैली हुई बिमारी. An epidemic; Plague etc. वव० ५; निसी० चू० १.

छोइअ. पुं० दास, नौकर. A servant. दे० ३,३३.

छोइआ. स्त्री० छिलका, ईख आदि की छाल. Kind of sugar-cane etc. उप० ७६८ टी; महा०

छोकरी. स्त्री० लड़की. A girl. कुप्र० ३५३.

छोट्टि. स्त्री० उच्छिष्टता, जूठाई. Refuse of food. पिंड० ५८७.

छोडय. त्रि० छोटा, लघु. Small; Diminutive. वज्जा० १६४.

छोडि. स्त्री० छोटी, लघु, क्षुद्र. Small; Diminutive. पिंग०

छोडूण. त्रि० छोड़कर. Having left. कुप्र० ३१.

छोब्भ. पुं० पिशुन, खल, दुर्जन. A wicked man. दे० ३,३३.

छोब्भत्थ. त्रि० अप्रिय, अनिष्ट. Unpalatable; Not amiable. दे० ३,३३.

छोब्भइत्ती. स्त्री० (१) अस्पृश्या, छूने को अयोग्या A woman, unfit to be touched. (२) द्वेष्या, अप्रीतिकर स्त्री० An envious woman. दे० ३, ३६.

छोभ. पुं० (१) पिशुन, खल, दुर्जन. A wicked man. दे०, ३३२ टी; (२) निस्सहाय, दीन. Helpless; poor. पण्ह० १, ३; (३) न० वन्दन विशेष. A kind of bowing. गुभा० १; (४) आघात. A blow. महा०

छोयर. पुं० छोरा, लड़का, छोकरा. A boy; A lad. उप० पृ० २१५.

छोह. पुं० (१) समूह, यूथ, जत्था. A collection; A multitude. (२) विक्षेप. Disturbance. दे० ३, ३६; (३) आघात. Blow. महा०

ज

जअल. त्रि० छन्न, आच्छादित. Covered; Concealed. षड्०

जंकयसुकय. त्रि० अल्प सुकृत से ग्राह्य, थोड़े उपकार से अधीन होने वाला. One who yields by a little obligation. दे० ३, ४१.

जंगा. स्त्री० गोचर भूमि, पशुओं की चरने की जगह. Pasture. दे० ३,४०.

जंघाच्छेअ. पुं० चत्वर, चौक. A court-yard; A square. दे० ३,४३.

जंघामय-जंघालुअ. त्रि० जंघाल, द्रुत-गामी, वेग से जाने वाला. One who walks fast. दे० ३,४२.

जंपण. न० (१) अकीर्ति, अपयश. Infamy; Disgrace. (२) मुख, मुंह. A face; A countenance. दे० ३,५१; भवि०

जंपिच्छय. त्रि०जिसको देखे उसी को चाहने वाला. One who loves whatever he sees. दे० ३,४४; पाअ.

जंपेक्खिरमग्गिर-जंपेच्छिरमग्गिर. त्रि० जिसको देखे उसी की याचना करने वाला. One who begs for whatever he sees. षड्० दे० ३,४४.

जंबाल. न० जंबाल, सैवाल, जलमल. Moss. दे० ३,४२; पाअ.

जंबुअ. पुं० (१) वेतस वृक्ष. A kind of tree. (२) पश्चिम दिक्पाल. A protecting diety of the western direction. दे० ३,५२.

जंबुल. पुं० (१) वानीर वृक्ष. A kind of tree; A sort of Ratan. (२) न० मद्य-भाजन, सुरा-पात्र. A wine-pot. दे० ३,५१.

जंबुल्ल. त्रि० जल्पाक, वाचाट, बकवादी. Talkative; Loquacious. पाअ०

जंभ. पुं० तुष, धान्य वगैरह का छिलका. Husk of a corn etc. दे० ३,४०.

जंभणंभण-जंभणभण-जंभणय. त्रि० स्वच्छन्द भाषी, जो मरजी में आवे वह बोलने वाला. One with an unrestrained tongue. षड्० दे० ३,४४.

जंभल. पुं० जड़, सुस्त, मन्द. An idle man; A sluggard; A dullard. दे० ३,४१.

जक्खरत्ति. स्त्री० दीपालिका, दीवाली, कार्तिक बदी अमावस का पर्व. Dipavali; The Dvali festival दे० ३,४३.

जगडण. न० (१) झगड़ा, कलह. Strife; Quarrel. (२) कदर्थन, पीड़न. Agony; Anguish. उव०(३) त्रि० झगड़ा कराने वाला. One who instigates others to quarrel. (४) कदर्थना करने वाला. One who afflicts. धर्मवि० ८१; कुप्र० ४२१.

जगडणा. स्त्री० देखो 'जगडण' शब्द. Vide. 'जगडण' उप० ५३० टी.

जगडिअ. त्रि० (१) लड़ाया हुआ. Caused to fight. धर्मवि० ३१; (२) विद्रावित, कदर्थित. Afflicted दे० ३,४४; सार्ध० ६७; उव०

जगल. न० (१) पङ्कवाली मदिरा, मदिरा का नीचला भाग. Muddy wine. दे० ३,४१; (२)ईख की मदिरा का नीचला भाग. Muddy wine of sugar-canes. दे० ३,४१; पाअ०

जगार. पुं० राव, यवागू. Gruel; Water boiled with sugar and flour. प्रव० ४.

जच्च. पुं० पुरुष, मर्द, आदमी. A man; A human being. दे० ३,४०.

जच्चंदण. न० (१) अगर, सुगन्धि द्रव्य-विशेष. जो धूप के काम में आता है. A fragrant substance which is used for

frankincense. (२) कुंकुम, केसर. Red powder. दे० १,५२.

जच्छंद. त्रि० स्वच्छन्द, स्वैर. Wilful; Obstinate; Stubborn; Wanton; Unrestrained. दे० ४,४३; षड्०

जड्डु. त्रि० अशक्त, असमर्थ. Unable; Incapable; Weak. प्रव० १०७.

जणउत्त. (१) पुं० ग्राम का प्रधान पुरुष, गांव का मुखिया. The leader of a village; A chief. दे० ३,५२; षड्० (२) विट, भांड. A class of jesters. दे० ३,५२.

जणग्गहर. पुं० नर राक्षस, दुष्ट मनुष्य. A giant; A wicked man. षड्०

जणणोहण. पुं० राक्षस, पिशाच. A demon; An evil spirit, A giant. दे० ३,४३.

जणह. न० (१) छोटी थाली. A small dish. (२) त्रि० कृष्ण, काले रंग का. Black; Dark. दे० ३,५१.

जणहली. स्त्री० नीवी, नारा, इजारबन्द. A string; A tape; A fillet. A band for trousers or petticoats. दे० ३,४०.

जणहुआ. स्त्री० जानु, घुटना. A knee. पाअ०

जत्ति. स्त्री० (१) चिन्ता. Anxiety; Solicitude. (२) सेवा, सुश्रूषा. Service. आ० ४८.

जद्दर. पुं० न० वस्त्र विशेष. A kind of garment. सम्मत्त० २१८;२११.

जन्नता-जन्ना. स्त्री० बरात. Bride-groom's party. सुपा० ३११ उप० ७६८ टी०

जयण. नं० घोड़े का बख्तर. An armour of a horse. दे० ३,४०.

जरंड. त्रि० वृद्ध, बूढ़ा. Old; Aged. दे० ३,४०.

जरढ. त्रि० वृद्ध, बूढ़ा. Old; Aged. दे० ३,४०.

जरलद्धिअ-जरलविअ. त्रि० ग्रामीण, ग्राम्य. Pertaining to a village; Rustic; Relating to a village. दे० ३,४४.

जलुसग. पुं० रोग विशेष. A kind of disease. उप० पृ० ३३२.

जवण. न० हल की शिखा, हल की चोटी. The top of a plough. दे० ३,४१.

जवपचमाण. पुं० जात्य अश्व का वायु-विशेष, प्राण-वायु. A kind of gas of a noble horse; Oxygen. गउड०

जवय-जवरय. पुं० यवका अंकुर. A shoot of barley. दे० ३,४२.

जवली. स्त्री० जव, वेग. Speed; Haste. सुपा० २७६.

जवत्तारय. पुं० देखो 'जवरय' शब्द. Vide the word 'जवरय'. पंचा० ८.

जहणरोह. पुं० जंघा, जाँघ. Thigh. दे० ३,४४.

जहणसव-जहपूसुअ. न० अर्धोरुक, जघनांशुक, स्त्री के पहनने का वस्त्र विशेष. A kind of garment for a woman; A short petti-coat. दे० ३,४५; षड्०

जहाजाय. त्रि० जड, मूर्ख, बेवकूफ. Foolish; Silly; Indiscreet. दे० ३,४१; पयह० १,३.

जाइ. स्त्री० (१) मदिरा, सुरा, दारू. Wine; Liquor. दे० ३,४५.

जाउर. पुं० कपित्थ-वृक्ष. A kind of tree; The word-apple tree. दे० ३,४५.

जाडी. स्त्री० गुल्म, लता-प्रतान. A cluster of trees; A thicket. दे० ३,४५.

जाणण. न० बरात. Bride-groom's party. उप० ५१७ टी.

जालघडिआ. स्त्री० चन्द्रशाला, अट्टालिका. A room on the top (of a house etc). Balcony. दे० ३,४६.

जालवणी. स्त्री० सम्हाल, खबर. Care. सिरि० ३८५.

जिड्डुह. पुं० कन्दुक, गेंद. A ball. प्रव० १८.

जिग्घिअ. त्रि० घ्रात, सूंघा हुआ. Smelt. दे० ३,४६.

जिएणोब्भवा. स्त्री० दूर्वा, दूब. Grass. दे० ३,४६.

जीण. न० जीन, अश्व की पीठ पर बिछाया जाता चर्ममय आसन. Saddle प्रव० ८४.

जीवयमई. स्त्री० मृगों के आकर्षण के साधन भूत व्याध—मृगी. A means to attract deer. दे० ३.४६.

जु. अ० निश्चय सूचक अव्यय. An adverb showing determination. सा० ४.

जुअअ. पुं० चातक पक्षी. The name of a bird which is supposed to live only on rain-drops. दे० ३,४७.

जुअल. पुं० युवा, तरुण, जवान. A young man ; A youth. दे० ३,४७.

जुअलिअ. त्रि० द्विगुणित. Doubled. दे० ३,४७.

जुआरि. स्त्री० जुआरि. A gambler. सुपा० ५४६; सुर० १,७१.

जुंजिअ. त्रि० बुभुक्षित, भूखा. ; Hungry ; Famished. नाया० १,१.

जुंजुमय. न० हरा तृण विशेष, एक प्रकार का हरा घास. A kind of green grass. स० ४८७.

जुंजुरुड. त्रि० परिग्रह-रहित. Devoid of possession. दे० ३,४७.

जुट्ठ. न० झूठ, असत्य. Lie ; False-hood. धर्मवि० १३३.

जुडिअ. त्रि० आपस में जुटा हुआ, लड़ने के लिए एक दूसरे से भिड़ा हुआ. Prepared to wrestle. उप० ७२८ टी.

जुएण. त्रि० विदग्ध, निपुण, दक्ष. Diligent ; Clever ; Skilful. दे० ३,४७.

जुरुमिल्ल. त्रि० गहन, निविड़, सान्द्र. Dense ; Thick. दे० ३,४७.

जूरुम्मिलय. त्रि० गहन, निबिड़, सान्द्र. Dense; Thick. दे० ३,४७.

जूसअ. त्रि० उत्क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown. षड्०

जेमणय. न० दक्षिण अंग. The right portion. दे० ३, ४८.

जोअड. पुं० खद्योत, कीट विशेष. A kind of insect ; A butterfly ; A glow-worm. षड्०

जोअण. न० लोचन, नेत्र, चक्षु. An eye. दे० ३,५०.

जोइअ. पुं० कीट विशेष, खद्योत. A kind of insect ; A butterfly ; A glow-worm. दे० ३,५०.

जोइंगण. पुं० कीट विशेष, इन्द्र-गोप. A kind of insect. दे० ३,५०.

जोइर. त्रि० स्खलित. Fallen ; Declined. दे० ३,४९.

जोइस. न० नक्षत्र. A constellation. दे० ३,४९.

जोई. स्त्री० विद्युत, बिजली. Lightning. दे० ३,४९; षड्०

जोक्ख. त्रि० मलिन, अपवित्र. Dirty ; Unholy ; Impious. दे० ३,४८.

जोग्गा. स्त्री० चाटु, खुशामद. Flattery ; False praise. दे० ३,४८.

जोड. पुं० न० (१) नक्षत्र. A constellation. दे० ३,४९; पि० ६; (२) रोग-विशेष. A kind of disease. सण०

जोडिअ. पुं० व्याध, बहेलिया. A hunter. दे० ३,४९.

जोएणलिआ. स्त्री० अन्न विशेष, जुआर. A Juwaree ; A kind of grain. दे० ३,५०.

जोव. पुं० (१) बिन्दु. A drop. (२) त्रि० स्तोक, थोड़ा. A little ; Some. दे० ३,५२.

जोवण. न० (१) यन्त्रकला. A machine ओघ० ६०; भा० (२) धान्य का मर्दन, अन्न-मलन. Rubbing fo corns. ओघ० ६० भा०

जोवारि. स्त्री० अन्न-विशेष, जुआरि. Juwaree; A kind of grain. दे० ३,५०.

जोव्वणीवय. न० बूढ़ापा, वृद्धत्व, जरा. Oldness. दे० ३,५१.

ज्झहुराविअ. त्रि० निवासित, निवास प्राप्त. Dwelt; Inhabited. षड्०

झ

झंकारिअ. न० अवचयन, फूल वगैरः का आदान. To pluck flowers etc. दे० ३,५६.

झंख. त्रि० तुष्ट, संतुष्ट, खुश. Contented; Satisfied; Pleased. दे० ३,५३.

झंखर. पुं० शुष्क तरु, सूखा पेड़. A dry tree दे० ३,५४.

झंखरिअ. न० देखो 'झंकारिअ' शब्द. Vide 'झंकारिअ' दे० ३,५६.

झंटलिआ. स्त्री० चंकमण, कुटिल गमन. Going crookedly; Going tortuously. दे० ३,५५.

झंटिअ. त्रि० जिस पर प्रहार किया गया हो वह, प्रहत. One who is beaten. दे० ३,५५.

झंटी. स्त्री० छोटा-किन्तु ऊँचा केश कलाप. A little but tall braid of hair. दे० ३,५३.

झंडली. स्त्री० असती, कुलटा. An unchaste woman; A lewd woman. दे० ३,५४.

झंडुअ. पुं० वृक्ष विशेष, पीलु का पेड़. A kind of tree. दे० ३,५३.

झंडुली. स्त्री० (१) असती, कुलटा. An unchaste woman; A lustful woman. (२) क्रीड़ा, खेल. A play; A game; A sport. दे० ३,६१.

झंदिय. त्रि० प्रद्रुत, पलायित. Run away; Escaped. षड्०

झंपणी. स्त्री० पक्ष्म, आँख के बाल. The eyelash. दे० ३,५४; पाअ०

झंपिअ. त्रि० (१) त्रुटित, टूटा हुआ. Broken; (२) घट्टित, आहत. Stricken; Beaten. दे० ३,६१.

झक्किअ. न० वचनीय, लोक-निन्दा. Censure; Blame. दे० ३,५; भवि०

झगड. पुं० झगड़ा, कलह. A quarrel. सुपा० ५४६; ५४७.

झग्गुली. स्त्री० अभिसारिका. A damsel that goes to meet her lover at an appointed place. विक्र० १०१.

झज्झरी. स्त्री० दूसरे के स्पर्श को रोकने के लिए चांडाल लोग जो लकड़ी अपने पास रखते हैं वह. A stick kept by a butcher to prevent others touch. दे० ३,५४.

झडप्प. अ० शीघ्रता, जल्दी. Speed; Haste. उप० पृ० ११०; रंभा०

झडप्पड. न० झटपट, झटिति. Haste. हे० ४,३८८.

झडिअ. त्रि० (१) शिथिल, ढीला, सुस्त. Idle; Lazy; Dull. गा० २३०; (२) श्रान्त, खिन्न. Wearied; Tired. षड्० (३) झड़ा हुआ, गिरा हुआ. Fallen. पउम० ६६,१५.

झडी. स्त्री० निरन्तर वृष्टि. Continued showers of rain. दे० ३,५३.

झत्थ. त्रि० (१) गत, गया हुआ. Gone. (२) नष्ट. Ruined; Destroyed. दे० ३,६१.

झपिअ. त्रि० पर्यस्त, उत्क्षिप्त. Thrown. षड्०

झमाल. न० इन्द्र-जाल, माया-जाल. Jugglery;

Legerdemain. दे० ३,५३.

झरंक-झरंत. पुं० तृण का बनाया हुआ पुरुष, चचा. An image of a person made of grass; A scare-crow placed in a field to frighten away birds, beasts etc. दे० ३,५५.

झरय. पुं० सुवर्णकार. A goldsmith. दे० ३,५४.

झरुअ. पुं० मशक, मच्छड़. A mosquito. दे० ३,५४.

झलझलिआ. स्त्री० झोली, कोथला, थैलि. A bag; A purse. दे० ३,५६.

झलहलिय. त्रि० क्षुब्ध, विचलित. Agitated; Disturbed. कुलक० ३३.

झला. स्त्री० मृगतृष्णा, धूप में जलज्ञान, व्यर्थ तृष्णा. Mirage; An optical illusion; Presenting an image of water in sandy deserts. दे० ३,५३; पाअ०

झलुंकिअ-झलुसिअ. त्रि० दग्ध, जला हुआ. Burnt; Consumed by fire. दे० ३,५६.

झल्लरी. स्त्री० अजा, बकरी. A goat. चंड०

झल्लोज्झल्लिअ. त्रि० संपूर्ण, परिपूर्ण, भरपूर. Full; Complete. भवि०

झस. पुं० (१) अयश, अपकीर्ति. Infamy; Disgrace. (२) तट, किनारा. A bank; A shore. (३) त्रि० तटस्थ, मध्यस्थ. Neutral; Indifferent. (४) दीर्घ और गंभीर, लम्बा और गंभीर. Long and deep. दे० ३,६०; (५) टंक से छिन्न. Cut by a chisel. दे० ३,६०; पाअ०

झसर. पुं० न० शस्त्र-विशेष, आयुध-विशेष. A kind of weapon. पउम० ८,६५.

झसिअ. त्रि० (१) पर्यस्त, उत्क्षिप्त. Thrown. (२) आक्रुष्ट, जिस पर आक्रोश किया गया हो वह. One who is scolded. दे० ३,६२.

झाडल. न० कर्पास-फल, कर्पास, रूई. Raw-cotton. दे० ३,५७.

झामण. न० जलाना, आग लगाना. To set on fire. वव० २.

झामर. त्रि० वृद्ध, बूढ़ा. Old; Aged. दे० ३,५७.

झामल. न० (१) आँख का एक प्रकार का रोग. A disease of the eye. (२) त्रि० झामर रोग वाला. An eye diseased. उप० ७६८ टी; आ० १२.

झामिअ. त्रि० दग्ध, प्रज्वलित. Burnt. दे० ३,५६; वव० ७; (२) श्यामलित, काला किया हुआ. Made black. (३) कलंकित. Stained; Disgraced. सार्ध० १६.

झारुआ. स्त्री० चीरी, क्षुद्रजन्तु विशेष. A kind of insect. दे० ३,५७.

झिखण. न० गुस्सा करना. To be angry. उप० १४३ टी.

झिंखिअ. न० वचनीय, लोकापवाद, लोक-निंदा. Censure; Blame. दे० ३,५५.

झिरिड. न० जीर्ण कूप, पुराना इनारा. An ancient well. दे० ३,५७.

झिलिअ. त्रि० झीला हुआ, पकड़ी हुई वह वस्तु जो ऊपर से गिरती हो. Caught सुपा० १७८,

झिल्लिरिआ. स्त्री० (१) चीड़ी नामक तृण. A kind of grass. (२) मशक, मच्छड़. A mosquito. दे० ३,६२.

झिल्लिरी. स्त्री० मछली पकड़ने का एक तरह का जाल. An iron-cord to catch fishes. विवा० १,८.

झिल्ली. स्त्री० लहरी, तरंग. A breeze; A wave. गउड०

झीण. न० (१) अंग, शरीर. A body. (२) कीट, कीड़ा. A worm. दे० ३,६२.

झीरा. स्त्री० लज्जा, शरम. Shame; Bashfulness. दे० ३,५७.

झुंख. पुं० तुणय नामक वाद्य. A kind of

musical insrtument. दे० ३,५८.

झुंझुंमुसय. न० मन का दुःख. Mental pain. दे० ३,५८.

झुंटण. न० (१) प्रवाह. A current. दे० ३,५८; (२) पशु-विशेष. A kind of beast. उप० ५५१.

झुंपडा. स्त्री० झोंपड़ा, तृण कुटिर. A hut; A cottage. दे० ४,४१६; ४१८.

झुंबणग. न० प्रालम्ब. A kind of pearl ornament. नाया० १,१.

झुट्ठ. त्रि० झूठ, अलीक, असत्य. Wrong; False. दे० ३,५८.

झुती. स्त्री० छेद, विच्छेद. Ruin; Destruction. दे० ३,५८.

झुमुझुमुसय. न० मन का दुःख. Mental agony. दे० ३,५८.

झुल्लुक. पुं० अकस्मात-प्रकाश. Accidental light. आरमानु० ६.

झुल्लणा. स्त्री० छन्द विशेष. A poem. पिंग०

झुल्लुरी. स्त्री० गुल्म, लता, गाछ. A creeper. दे० ६,५८.

झुसुर. न० (१) ताम्बूल, पान. A betel-leaf. दे० ३,६१; गउड० (२) अर्थ. Meaning. दे० ३,६१.

झूर. त्रि० कुटिल, वक, टेढ़ा. Crooked; Oblique. दे० ३,५१.

झूसरिअ. त्रि० (१) अत्यर्थ, अत्यन्त. Much; Great in quantity. (२) स्वच्छ, निर्मल. Pure; Clean; Neat. दे० ३,६२.

झेडुअ. पुं० कन्दुक, गेंद. A ball. दे० ३,५१.

झेर. पुं० पुराना घण्टा. An ancient bell. दे० ३,५१.

झोंडलिआ. स्त्री० रासक के समान एक प्रकार की क्रीड़ा. A kind of sport as a circular dance. दे० ३,६०.

झोटिंग. पुं० देव-विशेष. A kind of god. कुप्र० ४७२.

झोट्टी. स्त्री० भैंस की एक जाति. A kind of buffalo. दे० ३,५६.

झोडप्प. पुं० (१) चना, अन्न-विशेष. Gram. (२) सूखे चने का शाक. Vegetable of dry gram. दे० ३,५६.

झोडिअ. पुं० व्याध, बहेलिया. A hunter. दे० ३,६०.

झोस. पुं० झाड़ना, दूर करना. To remove; To dismiss. ठा० ५,२.

झोसण. न० गवेषण, मार्गण. Research; Inquiry. वव० २.

ट

टउया. स्त्री० आह्वान शब्द, पुकारने की आवाज. A sound of calling. कुप्र० ३०६.

टंकवत्थुल. पुं० कन्द विशेष, एक जाति की तरकारी. A kind of vegetable; A kind of tuberous root. आ० २०.

टंका. स्त्री० (१) जंघा, जाँघ. A thigh. पाअ० (२) स्वनाम ख्यात एक तीर्थ. A famous holy place. ती० ४३.

टंकार. पुं० ओजस्, तेज. Lustre; Brightness. गउड०

टंकिअ. त्रि० प्रसृत, फैला हुआ. Spread; Expanded. दे० ४,१.

टंबरय. त्रि० भारवाला, गुरू, भारी. Heavy; Weighty. दे० ४,२.

टक्कर. पुं० ठोकर, अंग से अंग का आघात.

Kick ; patting. सुर० १२,६७; वव० १.

टक्करा. स्त्री० टकोर, मुंह सिर में उँगली का आघात. A stroke; A pat on the head with a finger. वव० १ टी.

टक्कारी. स्त्री० अरणि वृक्ष का फूल. A flower of a particular tree. दे० ४,२.

टक्क. पुं० लकड़ी आदि के आघात की आवाज. A sound of the hit of a stick etc. कुप्र० ३०६.

टट्टइआ. स्त्री० जवनिका, पर्दा. A veil; A curtain. दे० ४,१.

टप्पर. त्रि० विकराल कर्ण वाला, भयंकर कान वाला. One having fearful ears. दे० ४,२; सुपा० ५२०; कप्पू०

टमर. पुं० केश चय, बाल समूह. A tuft of hair. दे० ४,१.

टलिअ. त्रि० टला हुआ, हटा हुआ. Moved. सिरि० ६८३.

टसर. न० विमोटन, मोड़ना. To bend. दे० ४,१.

टसरोट्ट. न० शेखर, अवतंस. An ornament worn on the head; Crest. दे० ४,१.

टहरिय. त्रि० ऊंचा किया हुआ. Raised; Uplifted. धर्मवि० १४७; सम्मत्त० १५८.

टार. पुं० (१) अधम अश्व, हठी घोड़ा. An obstinate horse. दे० ४,२; आ० २७; (२) टट्टु, छोटा घोड़ा. A pony; A small horse. उप० १५५.

टिंट-टिंटा. स्त्री० जूआखाना. A place for gambling. भवि०-साला. स्त्री० जूआखाना. खेलने का अड्डा. A place for gambling. सुपा० ४६५.

टिंबरु-टिंबरुअ. पुं० न० वृक्ष विशेष, तेंदू का पेड़. A kind of tree. दे० ४,३; उप० १०-३१ टी० पाअ०

टिंबरुणी. स्त्री० देखो 'टिंबरु' शब्द. Vide 'टिंबरु' पि० २१८.

टिक्क. न० (१) टीका, तिलक. A mark on the forehead. (२) सिर का स्तबक, मस्तक पर रक्खा जाता गुच्छा. A bunch kept on a head. दे० ४,३.

टिग्घर. त्रि० वृद्ध, बूढ़ा. Old; Aged. दे० ४,३.

टिप्पी. स्त्री० तिलक, टीका. A mark on the forehead. दे० ४,३.

टिल्लिक्किय. त्रि० विभूषित, अलंकृत. Decorated; Adorned. धर्मवि० ५१.

टुंट. त्रि० छिन्न-हस्त, जिसका हाथ कटा हुआ हो वह. One whose hands are cut off. दे० ४,३; प्रासू० १४२; १४३.

टुंबय. पुं० आघात विशेष. A kind of stroke. सुर० १२,६७.

टुप्परग. न० जैन साधु का एक छोटा पात्र. A small vessel of a Jain monk. कुलक० ११.

टेंट. पुं० (१) मध्य-स्थित मणि-विशेष. A gem set in the middle. (२) त्रि० भीषण. Terrible. कप्पू०

टेंटा. स्त्री० (१) अक्षि गोलक. The eyeball. (२) छाती का शुष्क व्रण. A dry wound of the chest. कप्पू०

(३) स्त्री० जूआखाना, जूआ खेलने का अड्डा. A place for gambling. दे० ४,३.

टेंबरुय. न० फल-विशेष. A kind of fruit. आया० २,१,८,६.

टेक्कर. न० स्थल, प्रदेश. A district; Region; Country. दे० ४,३.

टोक्कण-टोक्कणखंड. न० दारू नापने का बरतन. A measure vessel of wine. दे० ४,४.

टोप्प. पुं० श्रेष्ठि विशेष. The name of a master. स० ४५१.

टोप्पर. पुं० न० शिरस्त्राण-विशेष, टोपा. A cap; A hat. पिंग०

टोलंब. पुं० मधूक, वृक्ष-विशेष. A kind of tree; The Asoka tree. दे० ४,४.

ठ

ठइअ. त्रि० (१) उत्क्षिप्त, ऊपर फेंका हुआ. Raised; Uplifted. (२) पुं० अवकाश. Leisure; दे० ४,५.

ठट्ठार. पुं० ताम्र, पित्तल आदि धातु के बर्तन बनाकर जीविका चलाने वाला. A coppersmith. धर्म० २.

ठरिअ. त्रि० (१) गौरवित. Dignified; Exalted. (२) ऊर्ध्व-स्थित. Stayed above. दे० ४,६.

ठलिय. त्रि० खाली, शून्य, रिक्त किया गया. Empty; Exhausted. सुपा० २३७.

ठल्ल. त्रि० निर्धन, धन-रहित Poor; Penniless. दे० ४,५.

ठविआ. स्त्री० प्रतिमा, मूर्ति, प्रतिकृति. An image; An idol. दे० ४,५.

ठाण. पुं० मान, गर्व, अभिमान. Pride; Dignity. दे० ४,५.

ठाणिज्ज. त्रि० (१) गौरवित, सम्मानित. Honoured; Respected. दे० ४,५; (२) न० गौरव. Honour; Reputation. षड्०

ठिअअ. न० ऊर्ध्व, ऊँचा. Height; Loftiness. दे० ४,६.

ठिक्क. न० पुरुष-चिन्ह. The generating organ of a man. दे० ४, ५.

ठिक्करिआ. स्त्री० ठिकरी, घड़े का टुकड़ा. The chip of an earthen pot. आ० १४.

ठिविअ. न० (१) ऊर्ध्व, ऊँचा. Height; Loftiness. (२) निकट, समीप. Nearness; Closeness; Intimacy. (३) हिक्का, हिचकी. Hiccough. दे० ४,६.

ठुंठ. पुं० न० ठुंठा, स्थाणु. The trunk of a tree. जं० १.

ठोड. पुं० (१) जोतिषी, दैवज्ञ. An astrologer; A fore-teller. (२) पुरोहित. A family priest. सुपा० ५५२.

ड

डंक. पुं० (१) डंक, वृश्चिक आदि का कांटा. The sting of a scorpion. पण्ह० १,१; (२) दंश स्थान, जहाँ पर वृश्चिक आदि डसा हो वह. The place stung by a scorpion. सुपा० ६०६.

डंगा. स्त्री० डाँग, लाठी, यष्टि. A stick. सुपा० २३८; ३८८; ५४६.

डंड. न० वस्त्र के सीए हुए टकड़े. Sewn pieces of cloth. दे० ४,७.

डंडय. पुं० रथ्या, गली. A street; A lane. दे० ४,८.

डंबर. पुं० घर्म, गरमी, प्रस्वेद. Perspiration; Sweat. दे० ४,८.

डंभिअ. पुं० जुआरी. A gambler. दे० ४,८.

डक्क. त्रि० दन्त-गृहीत, दाँत से उपात्त. Seized by teeth. दे० ४,६.

डगण. न० जहाज विशेष. A kind of ship. राज०

डगल. न० (१) फल का टुकड़ा. A slice of a fruit. निसी० चू० १५; (२) ईंट, पाषाण वगैरः का टुकड़ा. A brick; The fragment of a stone. ओघ० ३५६; ७८. भा०

डगाल. पुं० घर के ऊपर का भूमि-तल. The ceiling of a house. दे० ४,८.

डहडाली. स्त्री० वह्न-मार्ग, आग का रास्ता. A way for fire. दे० ४,८.

डप्फ. न० सेल्ल, कुन्त, आयुध विशेष. A spear ; A lance. दे० ४,७.

डल. पुं० लोष्ट, ढेला. A clod ; A turf. दे० ४,७.

डल्ल-डल्लग. न० पिटिका, डाला, डाली, बाँस का बना हुआ फल-फूल रखने का पात्र. A small boil or pimple. दे० ४.७; आवम०

डल्ला. स्त्री० डाला, डाली. The branch of a tree. कुम० २०६.

डल्लिर. त्रि० पीने वाला. A drunkard. कुमा०

डवडव. अ० ऊँचा मुंह रख कर वेग से इधर उधर गमन. Walking about quickly and clumsily with one's face turned upwards. चंड०

डव्व. पुं० वाम हस्त, बाँया हाथ. The left hand. दे० ४,६.

डहरक. पुं० (१) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. (२) पुष्प-विशेष. A kind of flower. धर्मवि० ६७.

डहरिया. स्त्री० जन्म से अठारह वर्ष तक की लड़की. A girl eighteen years old. वव० ४.

डहरी. स्त्री० अलिञ्जर, मिट्टी का घड़ा. An earthen pot. दे० ४,७.

डाअल. न० लोचन, आँख, नेत्र. An eye. दे० ४,६.

डाउ. पुं० (१) फलिहंसक वृक्ष, एक जाति का पेड़. A kind of tree. (२) गणपति की एक तरह की प्रतिमा. An image of the god Ganapati. दे० ४,१२.

डायाल. न० हर्म्य-तल, प्रासाद भूमि. The foot of a palace. आया० २,२,१.

डाव. पुं० वाम हस्त, बाँया हाथ. The left hand. दे० ४,६,

डाहर. पुं० देश-विशेष. The name of a country. पिंग०

डाहाल. पुं० देश-विशेष. The name of a country. सुपा० २६३.

डिअली. स्त्री० खूंटी. A peg. दे० ४.६.

डिंडिल्लिअ. न० (१) खलि-खचित वस्त्र, तैल-किट्ट से व्याप्त कपड़ा. A garment spoiled by the oil-dirt. (२) स्खलित हस्त. A spoiled hand दे० ४१०.

डिंडी. स्त्री० सीए हुए वस्त्र-खण्ड. Sewn pieces of cloth. दे० ४,७.

डिंफिअ. त्रि० जल-पतित, पानी में गिरा हुआ. Fallen in water. दे० ४,६.

डिड्डुर. पुं० भेक, मण्डूक, मेंढक. A frog. दे० ४,६.

डिमिल. न० वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. विक्र० ८७.

डिल्ली. स्त्री० जल-जंतु विशेष. An aquatic insect. जीव० १.

डीण. त्रि० अवतीर्ण. Come down. दे० ४,१०.

डीणोवय. न० उपरि, ऊपर. Up ; On ; Above. दे० ४,१०.

डीर. न० कन्दल, नवीन अंकुर. A fresh shoot. दे० ४,१०

डुंघ. पुं० नारियर का बना हुआ पात्र-विशेष. A vessel made of cocoanut. दे० ४,११.

डुंडुअ. पुं० (१) पुराना घण्टा. An ancient bell. दे० ४,११; (२) बड़ा घण्टा. A big bell. गा० १७२.

डुंडुक्का. स्त्री० वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument . विक्र० ८७.

डुज्जय. न० वस्तु-खण्ड. Pieces of cloth. सुपा० ३६६.

डुलि. पुं० कच्छप, कछुआ. A tortoise. उप० पृ० १३६.

डेकुण. पुं० मत्कुण, खटमल. A bug षड्०

डेड्डुर. पुं० दर्दुर, भेक, मण्डूक. A frog. षड्०

डेर. त्रि० केकटाक्ष, नीची ऊँची आँख वाला. An uneven-eyed man. पिंग०

डोअण. न० लोचन, आँख. An eye. दे० ४,६.

डोंगिली. स्त्री० (१) ताम्बूल रखने का भाजन-विशेष. A betel-leaf box. (२) ताम्बूलिनी, पान बेचने वाले की स्त्री. The wife of a betel-dealer. दे० ४,१२.

डोंगी. स्त्री० (१) हस्त-बिम्ब, स्थासक. A bubble (of water or any fluid.) (२) पान रखने का भाजन विशेष. A casket to hold betel leaves, arecanut etc. दे० ४,१३.

डोंबिलय. पुं० डोम, चाण्डाल. A butcher. स० २८६.

डोकरी. स्त्री० बूढ़ी स्त्री० An old woman, कुम० ३५३.

डोड. पुं० ब्राह्मण, विप्र. A Brahmin सुख० ३,१.

डोड्डु. पुं० एक जघन्य मनुष्य जाति. A lower class of men. उप० १३१ टी.

डोर. पुं० डोर, गुण, रस्सी. A rope ; A string. गा० २११; वज्जा० ६६.

डोल. पुं० (१) लोचन, आँख, नयन. An eye-ball. दे० ४,६; (२) जन्तु विशेष. A kind of insect. बृह० १; (३) पुं० चतुरिन्द्रिय जीव की एक जाति. A kind of living being having four senses. सुख० १६,१४८.

डोला. डोली, शिविका, पालकी. A palanquin ; A litter. दे० ४,११.

डोलिअ. पुं० कृष्णसार, काला हिरन. A spotted antelope. दे० ४,१२.

डोल्लणग. पुं० पानी में होने वाला जन्तु-विशेष. An aquatic insect. सूय० २,३.

डोसिणी. स्त्री० ज्योत्स्ना, चन्द्र-प्रकाश. Moon-light. षड्०

ढ

ढंकण. न० ढकना, पिधान. A cover ; A lid प्रासू० ६० अणुलो०

ढंकणी. स्त्री० ढकनी, पिधानिका. A cover ; A lid. दे० ४.१४.

ढंखर. पुं० न० फल-पत्र से रहित डाल. A branch having no fruits and leaves. गा० ७५५; वज्जा० ५२.

ढंखरी. स्त्री० एक प्रकार की वीणा. A kind of musical instrument. दे० ४,१४.

ढंढ. पुं० (१) पंक, कीच, कर्दम. Mud; Mire; Dirt. दे० ४,१६; (२) त्रि० निरर्थक, निकम्मा. Useless ; Worthless. दे० ४,१६; भवि० (३) दाम्भिक, कपटी. Hypocritical ; Deceitful ; Malicious. सम्मत्त० ३१.

ढंढणी. स्त्री० कपिकच्छु, वृक्ष-विशेष. A kind of tree. दे० ४,१३.

ढंढर. पुं० (१) पिशाच. A ghost ; A spirit ; A devil. (२) ईर्ष्या. Envy ; Jealousy दे० ४,१६.

ढंढरिअ. पुं० कर्दम, पंक, कादा. Mud ; Slime. दे० ४,१५.

ढंढल्लिअ. त्रि० भ्रान्त, घूमा हुआ. Wandered ; Rambled. कुमा०

ढंढसिअ. पुं० (१) ग्राम का यक्ष. A village demigod. (२) गाँव का वृक्ष. A village tree. दे० ४,१५.

ढंसय. न० अयश, अपकीर्ति. Disgrace; Infamy. दे० ४,१४.

ढकय. न० तिलक. A mark on the fore-head दे० ४,१४.

ढकरि. त्रि० अद्भुत, आश्चर्य-जनक. Wonder-ful; Surprising. हे० ४,४२२.

ढक्कि. न० (१) बैल की गर्जना. The bellowing of an ox. अणुजो० २१२; सुय० ६,१; (२) त्रि० बन्द किया हुआ, आच्छादित. Shut; Covered. स० ४६६; कुमा०

ढगढगा. स्त्री० 'ढग ढग' आवाज, पानी पीने की आवाज. A sound of 'Dhug Dhug' made in drinking water. स० २५७.

ढड्ढ. पुं० भेरी, वाद्य-विशेष. A kind of kettle-drum. दे० ४,१३.

ढड्ढर. न० गुरु-वन्दन का एक दोष, बड़े स्वर से प्रणाम करना. A fault in offering salutation (salutation offered in a loud tone is considered a fault). गुमा० २५; (२) त्रि० वृद्ध, बूढ़ा. Old; Aged. सार्ध० ३८.

ढमर. न० (१) पिठर, स्थाली. A dish. दे० ४,१७; पाअ० (२) गरम पानी, उष्ण जल. Warm water. दे० ४,१७.

ढयर. पुं० (१) पिशाच. A ghost; A spirit; A demon. दे० ४,१६; पाअ० (२) ईर्ष्या, द्वेष. Envy; Jealousy. दे० ४,१६.

ढसहलय. त्रि० मृदु, कोमल. Tender; Delicate. वज्जा० ११४.

ढलिय. त्रि० झुका हुआ. Bowed; Bent. उप० पृ० ११८.

ढालिअ. त्रि० नीचे गिराया हुआ. Pulled down. सुर० १,२२८.

ढाव. पुं० आग्रह, निबन्ध. Obstinacy. कुमा०

ढिंकलीआ. स्त्री० पात्र-विशेष. A kind of vessel. सिरि० ४२६.

ढिंढय. त्रि० जल में पतित. Dropped in water. दे० ४,१५.

ढिक्कय. न० नित्य, हमेशा, सदा. Always; Daily; Perpetually. दे० ४,१५.

ढिक्किय. न० साँडकी गर्जना. The bellowing of a bull. महा०

ढिल्ल. त्रि० ढीला, शिथिल. Loose; Slack; Relaxed. पि० १५०.

ढुक्क. त्रि० (१) उपस्थित. Present; Ready at hand. (२) स० २५१; । मिलित. पिंग० Obtained (३) प्रवृत्त. Engaged in; Embarked upon. श्रा० २७; सण० भवि०

ढुक्कलुक्क. न० चमड़े से मढ़ा हुआ वाद्य विशेष. A musical instrument overlaid with leather. सिरि० ४२६.

ढेंका. स्त्री० हर्ष, खुशी. Delight; Joy; Pleasure. दे० ४,१७.

ढेंकी. स्त्री० बलाका, बक-पंक्ति. A row of cranes. दे० ४,१५.

ढेंकुण. पुं० खटमल. A bug. दे० ४,१४.

ढेंढिअ. त्रि० धूपित, धूप दिया हुआ. Burnt incense. दे० ४,१६.

ढोंधर. त्रि० भ्रमण-शील, घूमने-वाला. A wanderer; A rover; A rambler. दे० ४,१५.

ढोल्ल. पुं० (१) ढोल, पटह. A drum. (२) देश विशेष. The name of a country. पिंग० (३) प्रिय, पति. A lover; A husband. संक्षि० ४७; हे० ४,३३०.

ण

णु-स. यह इस. This. हे० ३,७७; उप० ६६०; गा० १३१; १६६.

णइमासय. न० पानी में होने वाला फल विशेष. A kind of fruit growing in water. दे० ४,२३.

णं. अ० (१) प्रश्न. An adverb showing question. (२) उपमा. An adverb showing simile. प्राकृ० ७६.

णंगअ. त्रि० रुद्ध, रोका हुआ. Detained; Stopped पड्०

णंगल. पुं० न० चञ्चु, चोंच. A beak; A bill, पउम० ४४,४०.

णंतग. न० वस्त्र, कपड़ा. A garment. कस० आव० ५.

णंद. न० (१) ऊख पीलने का कारण्ड. A machine to squeeze the sugar-cane. (२) कुण्डा, पात्र विशेष. A kind of vessel. दे० ४, ४५.

णंदण. पुं० भृत्य, नौकर, दास. A servant दे० ४,१६.

णंदा. स्त्री० गौ, गैया. A cow दे० ४,१८.

णंदिअ. न० सिंह की चिल्लाहट. The roar of a lion. दे० ४,१६.

णंदिक्ख. पुं० सिंह, मृगेन्द्र. A lion. दे० ४,१६.

णंदिणी. स्त्री० गौ, गैया. A cow. दे० ४,१८; पाअ०

णंदी. स्त्री० गौ, गैया. A cow. दे० ४,१८; पाअ०

णक्क. पुं० रावण का एक स्वनाम-ख्यात सुभट. A warrior of king Ravana. पउम० ५६,२८.

णक्क. त्रि० मूक, वाचा-शक्ति से रहित. Dumb. दे० ४,४६.

णक्खहरण. न० नख और कण्टक निकालने का शस्त्र-विशेष. A nail parer. बृह० १.

णग्गठ. त्रि० बाहर निकला हुआ. Projected. षड्०.

णच्चिर. त्रि० रमण-शील. Sportive; Playful. दे० ४,१८.

णज्जर. त्रि० मलिन, मैला. Dirty; Filthy. दे० ४,१६.

णज्झर. त्रि० विमल, निर्मल. Pure; Clean. दे० ४, १६.

णडिअ. त्रि० वञ्चित, विप्रतारित. Deceived; Cheated. दे० ४,१६.

णडुली. स्त्री० कच्छप, कछुआ. A tortoise; A turtle. दे० ४,२०.

णड्डरी. स्त्री० भेक, मेंढक. A frog. दे० ४,२०.

णड्डुल. न० (१) रत, मैथुन. Copulation; Coition; Sexual intercourse. (२) दुर्दिन, मेघाच्छन्न दिवस. A cloudy day. दे० ४,४७.

णयण. पुं० (१) कूप, कुआँ A well. (२) दुर्जन, खल. A wicked. (३) बड़ा भाई. An elder brother. दे० ४,४६.

णत्थण. न० नाक में छिद्र करना. To make a hole in a bullock's nostrils. सुर० १४,४१.

णदिअ. त्रि० दुःखित. Distressed; Miserable. दे० ४,२०.

णद्ध. त्रि० आरूढ़. Mounted; Ascended. दे० ४,१८.

णद्धंबवय. न० (१) अघृणा, घृणा का अभाव. Absence of censure. (२) निन्दा. Censure. दे० ४,४७.

णमसिअ. न० उपयाचितक, मनौती. A vow. दे० ४,२२.

णयय. पुं० ऊन का बना हुआ आस्तरण विशेष. A kind of woollen bed. नाया० १,१.

णलय. न० उशीर, खस का तृण. A fragrant grass usually used for making screens which give coolness and fragrance in the summer season against the hot winds. दे० ४,१६; पाअ०

णलिअ. न० गृह, घर, मकान. A house. दे० ४,२०; षड्०

णल्लय. न० (१) बाड़ का छिद्र. An opening in a hedge. (२) प्रयोजन. Object; Reason; Aim, (३) निमित्त, कारण. Object; Cause; (४) त्रि० कर्दमित, कीच. वाला. Muddy; Dirty; Marshy. दे० ४,४६.

णवरि. अ० शीघ्र, जल्दी. Quickly; Rapidly; Hastily. प्राकृ० ८१.

णवरिअ. न० सहसा, जल्दी, तुरन्त. Haste; Hurry. दे० ४,२२; पाअ०

णवलया. स्त्री० वह व्रत जिस में पति का नाम पूछने पर उसे नहीं बताने वाली स्त्री पलाश की लता से ताड़ित की जाती है. A kind of vow by the observance of which a woman does not tell her lover's name in spite of her being asked and beaten with a creeper of the wild tree called Palash. दे० ४, २१.

णवसिअ. न० उपयाचितक, मनौती. A vow or promise made to a deity. दे० ४, २२; पाअ० वज्जा० ८६.

णवोद्धरण. न० उच्छिष्ट, जूठा. Offal; Refuse; Waste meal. दे० ४, २३.

णव्व. पुं० आयुक्त, गाँव का मुखिया. A chief; The leader of a village. दे० ४,१७.

णव्वाउत्त. पुं (१) ईश्वर, धनाढ्य, भोगी. A rich man. (२) नियोगी का पुत्र, सूबा का लड़का. The son of a Governor or a Viceroy. दे० ४,२२.

णसा. स्त्री० नस, नाड़ी. A vein; A sinew. सुपा० ३५५.

णहमुह. पुं० घूक, उल्लू. An owl. दे० ४,२०.

णहरण. पुं० नख वाला जन्तु, श्वापद. A creature having claws. वज्जा० १२.

णहरणी. स्त्री० नहरनी, नख उतारने का शस्त्र. A nail parer; A nail-paring instrument. पंचव० ३.

णहरी. स्त्री० छुरिका, छुरी. A knife. दे० ४,२०.

णाइत्त-णाइत्तग. पुं० जहाज द्वारा व्यापार करने वाला सौदागर. A ship merchant. उप० पृ० १०१; उप० ५९२.

णाउड्ड. पुं० (१) सद्भाव, सन्निष्ठा. A virtuous motive. (२) अभिप्राय. An opinion; A view. (३) मनोरथ, वाञ्छा. A wish; A desire. दे० ४,४७.

णाउल्ल. त्रि० गोमान्, जिसके पास अनेक गैया हों. A cowherd; One who possesses many cows. दे० ४,२३.

णाणक-णाणग. न० मुद्रा. A coin. मृच्छ० १७; राज०

णाममंतक्ख. पुं० अपराध, गुनाह. A crime; An offence. गउड०

णामुक्कसिअ-णामोक्कसिअ. न० कार्य, काम, काज. Work; Action. हे० २,१७४; दे० ४,२५.

णाय. त्रि० गर्विष्ठ, अभिमानी. Proud; Arrogant. दे० ४,२३.

णायत्त. पुं० समुद्र मार्ग से व्यापार करने वाला वणिक्. A merchant trading by searoute. उप० ५१७ टी.

णारुट्ट. पुं० कूसार, गर्ताकार स्थान. A place having the form of a pit. पाअ०

णारोट्ट. पुं० (१) बिल, साँप आदि का रहने का स्थान, विवर. A hole. (२) कूसार, गर्ताकार स्थान. A place having the form of a pit. दे० ४,२३.

णालंपिअ. न० आक्रन्दित, आक्रन्द-ध्वनि. Lamenting sound. दे० ४, २४.

णालंवि. पुं० कुन्तल, केश कलाप. A lock of hair. दे० ४,२४.

णालि. त्रि० स्रस्त, गिरा हुआ. Dropped; Slipped. षड्०

णालिअ. त्रि० मूढ, मूर्ख, अज्ञान. Foolish; Ignorant. हे० ४, ४२२.

णावरण. न० दान, वितरण. Alms; Donation. पण्ह० १,३.

णावा. स्त्री० प्रसृति, अंजली, परिमाण-विशेष. A handful. प्रव० १०६ टी.

णावापूरय. पुं० चुलुक, चुल्लू. The palm of the hand contracted so as to hold water; The water so held. बृह० १.

णाहिणाम. न० वितान के बीच की रस्सी. The string of the middle of a screen. दे० २, २४.

णाहिविच्छेअ-णाहीएविच्छेअ. पुं० जघन, कटी के नीचे का भाग. The thigh, the lower part from the loins. दे० ४,२४.

णिअंधण. न० वस्त्र, कपड़ा. A garment. दे० ४,२८.

णिअक्कल. त्रि० वर्तुल, गोलाकार पदार्थ. Circular; Round; A globular article. दे० ४; ३६; पाअ०

णिअद्धण. न० परिधान, पहनने का वस्त्र. A cloth; A garment षड्०

णिअय. न० (१) रत, मैथुन. Coition; Copulation. (२) शयनीय, शय्या. A Bed, (३) घट, घड़ा. A pot. दे० ४,४८.

णिअरण. न० दण्ड, शिक्षा. Punishment. स० ४५१.

णिअरिअ. त्रि० राशि रूप से स्थित. Existed in collection. दे० ४,३८.

णिअल. न० नूपुर, स्त्री का पादाभरण विशेष. An anklet; An ornament for the feet. दे० ४,२८.

